# ‘छात्रों की गूंज’ कार्यक्रम में उठे शिक्षा और छात्र समस्याओं से जुड़े मुद्दे






नवभारत न्यूज़

**इंदौर. ‘छात्रों की गूंज’ कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे छात्रों ने शिक्षा व्यवस्था और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने शिक्षा नीतियों, रोजगार, परीक्षा व्यवस्था और अन्य समस्याओं को लेकर अपनी चिंताएं सामने रखीं.**

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों की भागीदारी देखने को मिली. छात्रों ने मंच के माध्यम से अपनी समस्याएं और अपेक्षाएं रखीं तथा व्यवस्था में सुधार की मांग की. कई छात्रों ने शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर अपने अनुभव साझा करते हुए संबंधित समस्याओं के समाधान की आवश्यकता बताई. कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी शामिल हुए. उन्होंने छात्रों से संवाद किया और उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों को सुना. इस दौरान छात्रों को अपनी समस्याएं सीधे मंच पर रखने का अवसर मिला. राहुल गांधी ने छात्र हितों से जुड़े विषयों पर अपनी बात भी रखी. कार्यक्रम में छात्रों की मौजूदगी और उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों ने शिक्षा व्यवस्था से जुड़े सवालों को चर्चा के केंद्र में ला दिया। हालांकि, कार्यक्रम के दौरान रखी गई मांगों और समस्याओं पर आगे क्या कार्रवाई होती है, यह आने वाले समय में स्पष्ट होगा. छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली, व्यापम, एमपीपीएससी और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सरकार के खिलाफ अपना गुस्सा निकाला.

## रतलाम से आए 50 छात्र



हम रतलाम जिले से लगभग 50 छात्र राहुल गांधी के छात्र संवाद कार्यक्रम में शामिल होने आए हैं. हमारा उद्देश्य छात्रों से जुड़े मुद्दों और उनकी समस्याओं को राहुल गांधी तक पहुँचाना है. नर्सिंग फील्ड से आई वर्षा ने बताया कि परीक्षाएँ समय पर नहीं होतीं और काफी देर से आयोजित की जाती हैं. इसके कारण रिजल्ट भी देरी से आता है, जिससे छात्रों को आगे की पढ़ाई और रोजगार के अवसरों में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है. हम चाहते हैं कि इन समस्याओं को राहुल गांधी के सामने रखा जाए, ताकि छात्रों की आवाज़ शासन–प्रशासन तक पहुँच सके. शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा और रिजल्ट में देरी, रोजगार के अवसर समेत छात्रों से जुड़े कई मुद्दे हैं, जिन पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है. हम ट्रेन से रतलाम से यहाँ आए हैं. कार्यक्रम स्थल पर काफी भीड़ है. अंदर प्रवेश मिले या नहीं, हमारी कोशिश रहेगी कि छात्रों की आवाज़ राहुल गांधी तक पहुँचे और इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएँ.

**– वर्षा रतलाम**

## परीक्षाओं में पारदर्शिता, समयबद्धता सुनिश्चित करें



मैं सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा हूँ, लेकिन परीक्षाएँ समय पर न होने और परीक्षा कैलेंडर समय पर जारी न होने के कारण छात्रों की मेहनत और तैयारी प्रभावित होती है. कई बार लंबे समय तक परीक्षाएँ आयोजित नहीं होतीं, जिससे विद्यार्थियों में निराशा और असमंजस की स्थिति पैदा होती है. छात्रों के सामने भ्रष्टाचार भी एक बड़ी चिंता का विषय है. इसके अलावा शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताएँ और नीट जैसी परीक्षाओं में पेपर लीक होने के मामले छात्रों के भविष्य को प्रभावित करते हैं. इन्हीं महत्वपूर्ण मुद्दों और छात्रों की समस्याओं को अपनी आवाज़ देने के उद्देश्य से मैं रीवा से ‘छात्र की गूंज’ कार्यक्रम में आया हूँ. मेरा उद्देश्य है कि छात्रों की समस्याएँ जिम्मेदार लोगों तक पहुँचें और परीक्षाओं में पारदर्शिता, समयबद्धता तथा युवाओं के लिए रोजगार के बेहतर अवसर सुनिश्चित किए जाएँ.

**— शंकर सिंह रीवा**

## समस्याएं सामने रखने का मंच दिया



हम राहुल सर का धन्यवाद करना चाहते हैं कि उन्होंने इंदौर में ‘छात्र की गूंज’ कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों की आवाज़ सुनी और हमारी समस्याएँ सामने रखने का मंच दिया. हम नर्सिंग की छात्राएं हैं. चार साल की पढ़ाई कई बार परीक्षा समय पर नहीं होने के कारण सात साल तक खिंच जाती है. कॉलेज प्रशासन की ओर से अलग–अलग कारण बताए जाते हैं, लेकिन इसका सीधा असर हमारे भविष्य पर पड़ता है. समय पर डिग्री नहीं मिलने से सरकारी नौकरी के अवसर और हमारी उम्र, दोनों प्रभावित होते हैं. छात्रवृत्ति को लेकर भी हमारी समस्याएँ हैं. फाइनल ईयर के छात्रों को कई बार पर्याप्त छात्रवृत्ति नहीं मिलती. हम चाहते हैं कि हमारी समस्याएँ जिम्मेदार लोगों तक पहुँचें और शिक्षा व्यवस्था में सुधार हो. इसी उम्मीद से सैकड़ों छात्र–छात्राएँ यहाँ पहुँचे हैं.

**– राधा यादव नर्सिंग छात्रा**

## खामियों में सुधार की जरूरत



पूरे मध्यप्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में कहीं न कहीं कई कमियाँ हैं, जिनमें सुधार की जरूरत है. छात्रों से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना जाना चाहिए और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए. मेरा मानना है कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को एक मंच पर जोड़कर उनकी समस्याओं को सामने लाया जा सकता है. जब छात्र एकजुट होकर अपनी आवाज़ उठाएँगे, तभी शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रभावी प्रयास हो सकेंगे. राहुल गांधी द्वारा छात्रों के लिए आयोजित ‘छात्र की गूंज’ कार्यक्रम में इन्हीं मुद्दों को सुनने, समझने और अपनी बात साझा करने के लिए मैं खरगोन से आई हूँ. उम्मीद है कि हमारी आवाज़ जिम्मेदार लोगों तक पहुँचेगी और छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे.

**— आयुषी, मेडिकल कॉलेज, खरगोन**



फैजान अली | रोहित पंवार | शिवा बारिया | रितेश डोडियार

### यह भी बोले छात्र

छात्र फैजान अली ने कहा कि वे बेहाल शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ अपनी आवाज उठाने और राहुल गांधी के समर्थन में कार्यक्रम में शामिल हुए हैं।

छात्र रोहित पंवार ने नीट परीक्षा में पेपर लीक की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि उन्होंने वर्ष 2025–26 में नीट परीक्षा दी थी और परीक्षा व्यवस्था से जुड़े सवालों को लेकर वे कार्यक्रम में पहुंचे हैं।

छात्र शिवा बारिया ने कहा कि वे खराब शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाने और राहुल गांधी के समर्थन में यहां आए हैं।

रितेश डोडियार ने कहा कि देश में शिक्षा का स्तर लगातार नीचे जाता जा रहा है, ऐसे में शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता है।

## लाखों रुपए में सरकारी नौकरी बिक रही



प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे मंडला के रहने वाले प्रिंस चौरसिया ने बताया कि हर जिले प्रदेश में युवा शिक्षा और परीक्षा प्रणाली में हो रही धांधली से परेशान है. उन्होंने बताया कि में एसएससी की तैयारी कर रहा हूं. प्रयागराज में 2025 में पेपर लिक हुआ था. लाखों रुपए में पेपर लिक कर दिया. अब सरकार की विदाई तय है.

## राहुल पीएम पद के लिए जरुरी



दोस्तों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए बलराम ने कहा कि पूरे देश में युवाओं पर लाठीचार्ज और केस दर्ज हो रहे है. लगातार पेपर लीक हो रहे हैं. शिक्षा माफियाओं का नेटवर्क बढ़ रहा है. शिक्षा व्यवस्था और पेपर लीक पर सरकार का रवैया गैरजिम्मेदार है. हम चाहते है राहुल पीएम बनकर देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाए.

## पेपर लीक और शिक्षा माफियाओं पर चुप्पी



छात्र सुमेर गुर्जर का कहना है कि 2–3 साल से सरकारी परीक्षाओं के पेपर लिक हो रहे है इसका जवाब कौन देगा? छात्र जब सरकार से जवाब मांगते है तो छात्रों को लाठीचार्ज और जेल मिलती है. हम मांग करते है कि कांग्रेस की सरकार बने और राहुल गाँधी पीएम बने तो शिक्षा प्रणाली में सुधार हो. पेपर लीक के कानून को कड़ा किया जाए.

## राहुल गांधी से शिक्षा सुधार की उम्मीद है



स्टूडेंट शिवराज सिंह कहते है कि राहुल गंधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम से छात्रों के बीच उम्मीद की किरण जागी है. पूरे देश के छात्र केंद्र सरकार से नाराज है। पेपर लिक सरकार के लिए छोटी बात है लेकिन हमारे लिए पूरे साल की मेहनत है इसलिए युवा होने के तौर पर राहुल गाँधी से भविष्य में उम्मीदें है.




## राहुल गांधी का जोरदार स्वागत

इंदौर. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अपने तय समय पर आज इंदौर पहुंचे. एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जमकर स्वागत किया।

एयरपोर्ट पर राहुल गांधी का प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने पुष्प गुच्छ देकर आगवानी की. इस दौरान एयरपोर्ट पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह, प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व सांसद नकुलनाथ, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, विजयलक्ष्मी साधौ, कमलेश्वर पटेल, प्रियव्रत सिंह, महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, सांसद अशोक सिंह, पूर्व मंत्री बाला बच्चन, प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश नायक, विधायक सचिन यादव राजेश चौकसे, गिरधर नागर, प्रमोद द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे. एयरपोर्ट पर भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के आगमन पर जमकर शक्ति प्रदर्शन किया. वहीं एयरपोर्ट से रेडिसन होटल जाने के दौरान एमआर 10 सड़क पर बापट चौराहे पर चिंटू चौकसे, नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट भाटिया, पार्षद राजू भदौरिया, राजेश चौकसे, गिरधर नागर, दीपू यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल, पार्षद यशस्वी पटेल, दीपू सिंह चौहान सहित सैकड़ों की संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का काफिला रोक लिया. राहुल गांधी के स्वागत के लिए जमकर धक्का मुक्की हुई. पुलिस ने कार्यकर्ताओं को एक तरफ कर काफिला रेडिसन होटल की तरफ रवाना किया.

## लगाए झूठ की गूंज के पोस्टर




इंदौर. शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि लोकतंत्र में भाजपा ने निचला स्तर बना लिया है. हमेशा झूठ बोलने वाली पार्टी ने सारे शहर में झूठ की गूंज के पोस्टर लगा दिए हैं. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर राजनीतिक दल को अपनी बात कहने और जनता के बीच जाने का अधिकार होता है। भाजपा के कारण देश के लोकतंत्र को खतरा है यह बात कांग्रेस हमेशा कहती रही है. भाजपा अपने कार्यों से यह साबित करती रही है कि उसका लोकतंत्र में विश्वास नहीं है. यही कारण है कि आज इंदौर में होने जा रहे हैं छात्रों की गूंज कार्यक्रम को देखते हुए भाजपा ने शहर में कई जगह झूठ की गूंज के पोस्टर लगाए हैं.

**पार्षद राजू भदौरिया ने उतारे पोस्टर**–कांग्रेस पार्षद राजू भदोरिया को आज सुबह इस तरह के पोस्टर लगने की जैसे ही जानकारी मिली वैसे ही वे मैदान में उतर गए और उन्होंने अपने साथियों के साथ जाकर अवैध रूप से लगाए गए इन पोस्टरों को उतारना शुरू कर दिया। उन्होंने सवाल किया है कि इंदौर नगर निगम के अधिकारी और उनकी टीम अब कहां है जब अवैध रूप से इस तरह के पोस्टर पूरे शहर में रातों–रात लगा दिए गए हैं.

एक नजर में

## रामकुंवर महाराज साहब की पुण्यतिथि पर हुआ गुणगान



इंदौर. संकल्पमय चातुर्मास के अंतर्गत धर्मसभा में रामकुंवर महाराज साहब की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाई गई. इस अवसर पर साध्वी मंडल ने उनके जीवन, तप, त्याग और समाज के प्रति योगदान का स्मरण करते हुए उनके गुणों का गुणगान किया. साध्वी डॉ. कुमुदलताजी महाराज साहब* ने रामकुंवरजी महाराज साहब के जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सवाई माधोपुर के समीप एक गांव में रहने वाले एक बालक ने दीक्षा अंगीकार कर अपने जीवन को धर्म एवं समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया. उन्होंने आगे चलकर पूरे समाज के निर्माण और उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके कारण उन्हें पोरवाल समाज के उद्धारक के रूप में श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाता है. इस अवसर पर साध्वी महाप्रज्ञा ने रामकुंवरजी महाराज साहब को समर्पित भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किया. आज की धर्मसभा के लाभार्थी कांता ताराचंद जैन एवं कृष्णजी जैन रहे. आज के इस पावन अवसर पर कोटा से श्रीसंघ का आगमन भी हुआ. धर्मसभा में आज छोटे सरकार भी साध्वी मंडल के दर्शन–वंदन हेतु पधारे. रामकुंवरजी महाराज साहब की पुण्यतिथि पर आयोजित धर्मसभा में संत जीवन, समाज सेवा, त्याग और संस्कारों की प्रेरणा प्रमुख रूप से गूंजती रही. श्रद्धालुओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेकर धर्म एवं समाज के प्रति समर्पण का संकल्प लिया.

## मुकेश इन्दौरी काव्य भूषण उपाधि से अलंकृत



इंदौर. हिन्दी दिवस के अवसर पर साहित्य मंडल नाथद्वारा द्वारा हिन्दी पुरोधा–राष्ट्रभाषा सेनानी साहित्य वाचस्पति श्री भगवती प्रसाद जी देवपुरा की स्मृति में आयोजित हिन्दी लाओ देश बचाओ समारोह में साहित्यकार मुकेश इन्दौरी को हिन्दी साहित्य सेवा के लिए काव्य भूषण की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया. इस अवसर पर साहित्य मंडल के प्रधानमंत्री श्यामप्रकाश देवपुरा, अध्यक्ष मदनमोहन शर्मा, इन्दौर से देवपुत्र पत्रिका के संपादक गोपाल माहेश्वरी, कहानीकार एमएल चतुर्वेदी, जबलपुर से साहित्य रत्न डॉ. विजय तिवारी किसलय सहित देश के कई जाने माने साहित्यकार उपस्थित थे.

## यूपीआई शुल्क के विरोध में 23 सितंबर को ‘नो यूपीआई डे’

नवभारत न्यूज

**इंदौर.** यूपीआई के जरिए बड़े मर्चेंट लेन–देन पर प्रस्तावित शुल्क के विरोध में इंदौर के व्यापारिक संगठनों ने 23 सितंबर को ‘नो यूपीआई डे’ मनाने की तैयारी शुरू कर दी है. अहिल्या चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने अभियान के प्रचार के लिए पोस्टर तैयार करवाए हैं, जिन्हें शहर के विभिन्न बाजारों और दुकानों तक पहुंचाया जाएगा. संगठन के संयुक्त सचिव अक्षय जैन ने बताया कि ‘नो यूपीआई डे’ का उद्देश्य एक दिन के लिए यूपीआई भुगतान से दूरी बनाकर प्रस्तावित शुल्क के खिलाफ व्यापारियों की सामूहिक आपत्ति दर्ज कराना और सरकार व संबंधित संस्थाओं का ध्यान इस मुद्दे की ओर आकर्षित करना है. यह अभियान डिजिटल भुगतान व्यवस्था को समाप्त करने या उसका स्थायी बहिष्कार करने के उद्देश्य से नहीं है. व्यापारिक संगठनों का कहना है कि यूपीआई भुगतान पर अतिरिक्त लागत लागू होने की स्थिति में इसका असर व्यापारियों की लागत पर पड़ सकता है. हालांकि इसका वास्तविक प्रभाव शुल्क की दर और लागू नियमों पर निर्भर करेगा. अहिल्या चेम्बर्स के अध्यक्ष रमेश अग्रवाल और महामंत्री गोपाल दास अग्रवाल ने अन्य व्यापारिक संगठनों से अभियान में शामिल होने की अपील की है.




## बाईपास के ढाबों पर खाद्य विभाग की दबिश
## सफाई से लेकर स्टोरेज तक मिलीं कमियां

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** बाईपास स्थित ढाबों में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता की स्थिति जांचने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने शुक्रवार को सघन निरीक्षण अभियान चलाया. खाद्य अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया कि टीम ने माया खेड़ी क्षेत्र में दो ढाबों की जांच कर कुल 11 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए. इन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है.




जांच के दौरान एमएस जम्मू कश्मीर ढाबा में खाद्य पंजीयन प्रमाण–पत्र प्रदर्शित नहीं मिला. पानी की जांच रिपोर्ट और खाद्य कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं थे. कुछ खाद्य सामग्री के पैकेट खुले मिले, जबकि वॉश एरिया में पानी जमा होने के साथ जल निकासी और स्वच्छता व्यवस्था में भी कमियां पाई गईं। यहां से पनीर, तुअर दाल और मिक्स दाल के तीन नमूने लिए गए. इसी तरह गिल दा ढाबा–2 में भंडारण क्षेत्र अव्यवस्थित मिला. फर्श की स्थिति, किचन की सफाई और एग्जॉस्ट पर जमी ग्रीस को लेकर भी कमियां सामने आईं. शाकाहारी और मांसाहारी कच्ची सामग्री एक ही फ्रीजर में रखी मिली. यहां से आठ खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए. अधिकारियों के अनुसार प्रयोगशाला रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी.

एक नजर में | विद्यार्थियों को दिया जाएगा कौशल विकास, प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, रोजगार, उद्यमिता और स्वरोजगार

## 11 महाविद्यालयों और लघु उद्योग भारती के बीच एमओयू

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. 11 महाविद्यालयों और लघु उद्योग भारती के बीच शनिवार को शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समझौता ज्ञापन ( एमओयू ) हुआ. इसके तहत विद्यार्थियों को कौशल विकास, प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, रोजगार, उद्यमिता और स्वरोजगार से जुड़े अवसर उपलब्ध कराने के लिए उद्योगों और शिक्षण संस्थानों के बीच समन्वय किया जाएगा.**



एमओयू में औद्योगिक भ्रमण, विशेषज्ञ व्याख्यान, प्रशिक्षण कार्यक्रम, स्टार्टअप मार्गदर्शन और उद्योगों से संवाद जैसी गतिविधियां शामिल हैं. इसके अलावा वास्तविक औद्योगिक परियोजनाओं, अनुसंधान, नवाचार और उद्योग–4.0, डिजिटल रूपांतरण तथा टिकाऊ विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग का प्रावधान किया गया है. कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा, संभागीय महामंत्री सीमा मिश्रा, संभागीय अध्यक्ष राजेंद्र दुबे, नोडल अधिकारी डॉ. मनीषा शर्मा पांडे सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिनिधि मौजूद रहे. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.डी. श्रीवास्तव ने कहा कि एमओयू के तहत गतिविधियों का लाभ विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए छह माह की कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए. एमओयू पर माता जीजाबाई कन्या महाविद्यालय, होलकर विज्ञान महाविद्यालय, महू, सांवेर, देपालपुर, राऊ सहित 11 संस्थानों के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए.

## गुजराती समाज का नि :शुल्क चिकित्सा शिविर आज

**इन्दौर.** श्री गुजराती समाज द्वारा वर्षभर दरमियान कई सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा, इसी कडी में श्री गुजराती समाज, इन्दौर के अध्यक्ष–श्री दीपककुमार जे. सोनी, उपाध्यक्ष एवं गैर शैक्षणिक समिति के चेयरमेन–श्री गोविंदभाई पटेल, मानद् महामंत्री–श्री पंकजभाई संघवी एवं चिकित्सा सुविधा समिति के चेयरमेन–श्री प्रकाशभाई जावीया ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इन्दौर के गुजराती भाई–बहनों के लिये श्री गुजराती समाज, इन्दौर द्वारा नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 20 सितम्बर को प्रात: 8.00 बजे से कच्छ कडवा पाटीदार समाज (पटेल धर्मशाला), पटेल नगर, नवलखा, इन्दौर पर रखा गया है.

